नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित
# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## जंगल धूसड़- गोरखपुर
मो. : 7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.


पत्रांक : ..................                                                   दिनांक : 17.09.2018

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़ गोरखपुर में विश्वकर्मा पूजा एवं महर्षि दधीचि जयन्ती के अवसर पर अर्थशास्त्र के प्रवक्ता श्री मंजेश्वर ने कहा कि हिन्दू धर्म में भगवान विश्वकर्मा निर्माण एवं सृजन के देवता माने जाते हैं। हमारी भारतीय संस्कृति के अन्तर्गत शिल्प संकायों, कारखानों, उद्योगों में भगवान विश्वकर्मा की महत्ता स्वीकार करते हुए उनकी जयन्ती को विश्वकर्मा पूजा पर्व के रुप में मनाया जाता हैं।

महर्षि दधीचि भारतीय प्राचीन ऋषि मुनि परम्परा के महत्त्वपूर्ण ऋषियों में से एक थे। पौराणिक आख्यानो के अनुसार महर्षि दधीचि ने अपनी हड्डियों को दान में देकर देवताओं की रक्षा की थी। उन्होंने विश्व कल्याण हेतु अपने प्राणों का उत्सर्ग किया था। इसलिए इस महान आत्मत्याग करने वाले महर्षि दधीचि की जयन्ती पूरे देश में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है।

इस अवसर पर डॉ. वेंकट रमन पाण्डेय, श्री मृत्युंजय सिंह, डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र, डॉ. पी. के शाही, श्रीमती शिप्रा सिंह, सुश्री दीप्ती गुप्ता सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**(डॉ. राजेश शुक्ला)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी